पाठ-9 राष्ट्रगीत

लिखित प्रश्नोत्तर ,भाषा ज्ञान

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

CLASS: V

SUBJECT : HINDI

CHAPTER NUMBER:10

TOPIC: पाठ-9 राष्ट्रगीत

SUB TOPIC: लिखित प्रश्नोत्तर,भाषा ज्ञान

CHANGING YOUR TOMORROW

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए।

3 .क) 'राष्ट्रध्वज देश की शान होते है ।' कैसे? भारतीय तिरंगे की कहानी लिखिए।

उ: किसी भी स्वतंत्र देश का अपना एक राष्ट्रध्वज होता है जो उसकी एकता और अखंडता को प्रदर्शित करता है। इसलिए यह देश की शान होता है।तिरंगा भारत का राष्ट्रीय ध्वज है जिसे **२२ जुलाई १९४७** को अपनाया गया। यह खादी कपड़े से बनता है और इसमें तीन रंग होते हैं। तिरंगे का डिजाइन आंध्रप्रदेश के **पिंगली वैंकैया** ने बनाया था। इसका केसरिया रंग शक्ति और साहस को दर्शाता है। बीच में स्थित सफेद रंग शांति और सत्य का प्रतीक है। हरा रंग उर्वरता, समृद्धि का प्रतीक है। सफेद रंग के बीच में स्थित अशोक चक्र धर्म और समय की निरंतरता को दर्शाता है।

ख) आप अपनी मातृभूमि के लिए क्या-क्या करेंगे?

उ: हमारी मातृभूमि हमारे लिए सर्वश्रेष्ठ है। हम राष्ट्रहित में हमेशा कार्य करेंगे। अपने कर्त्तव्यों का सदैव पालन करेंगे। देश की संपत्ति की सुरक्षा करेंगे। गरीब, जरूरतमंदों की सहायता करेंगे। प्राकृतिक संपदा की सुरक्षा करेंगे। व्यक्तिगत स्वार्थ से देश को हमेशा बड़ा समझेंगे।

भाषा ज्ञान

1. समानार्थक शब्दों को पढ़िए और समझिए

जग - संसार, विश्व
हवा - वायु, पवन
आँख - नेत्र, नयन
सागर - समुद्र,उदधि

पर्वत- पहाड़, गिरि
बिजली - विद्‍युत, चपला
भू - धरती , भूमि
आसमान- आकाश, गगन

2. वाक्य बनाइए

धूप - आज धूप बहुत तेज़ है।

धरती - हमारी धरती बहुत सुंदर है।

आँख - मेरी आँख में कुछ चला गया।

शिक्षण प्रतिफल

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

भाषा ज्ञान प्रश्नोत्तर द्‌वारा व्याकरणिक क्षमता में सुधार आया तथा विषय संबंधित ज्ञान दृढ़ हुआ ।

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP